आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए केन्द्र सरकार पिछले 11 वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं। एन.डी.ए. सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण प्रारंभिक कदम उठाए हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं के साथ रोज़गार के नाम पर धोखा करने का आरोप लगाया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस के सभी नेताओं ने 5 लाख नौकरियां देने की बात कही थी लेकिन सरकार ने अभी तक इस गारंटी को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक मीडिया चैनल को दिए गए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने युवा बेरोज़गारों के प्रति अपमानजनक व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बनाने में बेरोज़गार युवाओं की अहम भूमिका रही है लेकिन अब बेरोज़गारों की अनदेखी करने वालों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना प्रदेश सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। चम्बा में आज मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कई सार्थक कदम उठा रही है। पठानिया ने कहा कि सरकार ने नशे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। विधानसभा अध्यक्ष ने समारोह में करीब 4 सौ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार से लोगों का विश्वास पूरी तरह उठ गया है। हमीरपुर ज़िले के बड़सर में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश

में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और किसी भी तरह की विकास योजनाएं शुरू नहीं हो पा रही हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के भीतर कलह बढ़ रही है।

इस बीच, ऑप्रेशन सिंदूर के बाद दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व कर लौटे अनुराग ठाकुर का आज समीरपुर में स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और भाजपा ने हर मोर्चे पर देश के हितों की रक्षा की है। इस अवसर पर समीरपुर भाजपा मण्डल ने ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया।

<u>दुर्घटना</u>

मण्डी ज़िले में गोहर उपमण्डल की शाला पंचायत में आज दोपहर एक पिक–अप वाहन के खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हो गए। ये सभी लोग पास के एक गांव में अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। मृतकों की पहचान भूरला गांव निवासी बोधराज और नीलमणी के रूप में की गई है। घायलों का नेरचौक मैडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दुर्घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने घायल लोगों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

आकाशवाणी

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के 90 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 1936 में आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था।

<u>किन्नौर दौरा</u>

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू कल 9 जून से किन्नौर ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे कल शोंगटोंग करछम पावरहाउस साइट व बैरेज साइट पवारी में निर्माणधीन गतिविधियों का जायज़ा लेंगे और इंजीनियरों व मज़दूरों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे रिकांगपिओ व कल्पा में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 10 जून को शिप्की ला गांव से ''सीमा पर्यटन'' पहल की शुरूआत करेंगे जिससे देशभर के पर्यटकों को किन्नौर और लाहौल–स्पीति ज़िलों के भारत–चीन सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों को जानने का अवसर प्राप्त होगा।

..................................................